मुख्य कार्यपालक अधिकारी/जिलाधिकारी महोदय,

कृपया अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थली कुशीनगर की ख्याति तथा पर्यटकों की संख्या में बढोत्तरी किये जाने के उद्देश्य से कुशीनगर के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी प्रसारित किये जाने हेतु कॉफी टेबल बुक, ब्रॉसर, डॉक्यूमेंण्ट्री फिल्म की पेन ड्राइव तथा कैरी बैग तैयार कराये जाने के मद में पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से रू0–20.25 लाख प्राप्त बजट के अन्तर्गत पूर्व निर्धारित तिथि–04.01.2018 को निर्धारित समय 12.30 बजे निविदा कमेटी के सदस्यों के समक्ष कुल–5 ई–निविदायें प्राप्त हुयीं, जिनका तुलनात्मक विवरण सम्मुख भाग पर प्रस्तुत है। तुलनात्मक विवरण के अनुसार सबसे न्यून दर प्रस्तुत करने वाली फर्म अपफ्रन्ट एडवरटाइजिंग प्रा0लि0, गाजियाबाद द्वारा रू0–17,95,000/– तथा द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म में0–भव्या प्रोडक्शन, नई दिल्ली द्वारा उक्त कार्य हेतु रू0–20,00,000/– तथा तृतीय स्थान पर आर0के0एस0 क्रिएशन्स, इलाहाबाद द्वारा रू0–20,22,750/– अंकित किया गया है एवं दो अन्य निविदादाताओं में0 अम्बर प्रेस प्रा0लि0 द्वारा रू0–22,60,000/– व नवबहार इण्टरप्राइजेज द्वारा द्वारा रू0–21,38,500/– दरें अंकित की गयी हैं तथा यह दोनो निविदादाता, निविदा शर्तों का अनुपालन अनेक बिन्दुओं पर नहीं किया गया है।

उपरोक्त प्रथम, द्वितीय व तृतीय न्यूनतम निविदादाताओं/फर्मों द्वारा अपनी निविदा के साथ समस्त संबंधित अभिलेख संलग्न कर प्राप्त कराया गया। प्रथम एवं द्वितीय न्यूनतम निविदादाताओं/फर्मों द्वारा निविदा की शर्त संख्या–6, 7, 8, 9 एवं 10 संबंधी कोई साक्ष्य/अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया।

उक्त के अतिरिक्त निविदा शर्त संख्या–11 द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि "निविदादाता द्वारा नमूने के तौर पर सम्पूर्ण कार्यों की सामग्री का एक नमूना, जिसमें कुशीनगर से संबंधित हिस्टोरिकल, आर्किटेक्चरल तथा क्लाउडी वेदर में एरियल फोटोग्राफी तथा कुछ मैजिक स्टाइल फोटोग्राफ (फिश आई एंगल–**15mm 2;8 Lens**) से संबंधित उच्च क्वालिटी की फोटोग्राफ/वीडियोग्राफ तैयार कर निविदा कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।" किन्तु अपफ्रन्ट एडवरटाइजिंग प्रा0लि0, गाजियाबाद तथा द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म में0–भव्या प्रोडक्शन, नई दिल्ली द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में जो फोटोस् व वीडियोग्राफ्स की सॉफ्टकॉपी प्रस्तुत की गयी, वह निविदा की अन्य शर्तों के साथ–साथ शर्त सं0–11 के अनुरूप न होने के कारण प्रस्तावित कार्य कराया जाना उचित नहीं है।

चूँकि कुशीनगर के पर्यटन स्थलों से संबंधित एक उच्च गुणवत्ता की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का काफी टेबल बुक व डॉक्यूमेंण्ट्री फिल्म तथा ब्रॉसर बनवाया जाना प्रस्तावित है तथा कार्य की आपूर्ति पन्द्रह दिवस के अन्दर किया जाना है। समस्त उपस्थित निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये फोटोग्राफ्स व वीडियोग्राफ्स के अवलोकन से कमेटी इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि वित्तीय निविदा के आधार पर तृतीय न्यूनतम निविदादाता/फर्म

Scanned by CamScanner

मैं0 आर0के0एस0 किएशन्स द्वारा प्रस्तुत की गयी सामग्री की सॉफ्ट व हार्ड कॉपी अन्य न्यून निविदादाताओं से तकनीकी रूप में उच्च गुणवत्ता व मानक के अनुरूप है। ऐसी उच्च गुणवत्ता एवं मानक के स्तर पर अन्य फर्मों द्वारा प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया है। तदोपरान्त कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए मैं0 आर0के0एस0 किएशन्स, इलाहाबाद से दरों के संबंध में निगोशिएशन किया गया और निगोशिएशन के उपरान्त फर्म द्वारा उक्त कार्य हेतु अपनी निविदा दरें रू0–20.00 लाख पर करने का ऑफर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उच्च गुणवत्ता व मानक के अनुसार कार्य को पूर्ण कराने हेतु मैं0 आर0के0एस0 किएसन्स द्वारा प्रस्तुत प्रेज़ेन्टेशन उच्च गुणवत्ता एवं निविदा के अन्य शर्तों के साथ–साथ शर्त संख्या–11 के अनुरूप होने के आधार पर मैं0 आर0के0एस0 किएसन्स से प्रस्तावित कार्य कराए जाने की संस्तुति की जाती है।

कृपया सहमति की दशा में अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (श्रीप्रकाश शुक्ल) | (रविन्द्र कुमार) | (आर0के0 चौधरी) | (रईस अहमद) |
| उप जिलाधिकरी / सचिव | क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी | अधि0अभि0, लो0नि0वि0, | वरिष्ठ कोषाधिकारी |
| (सदस्य निविदा कमेटी) | (सदस्य निविदा कमेटी) | (सदस्य निविदा कमेटी) | (सदस्य निविदा कमेटी) |

यथाप्रस्तावित अनुमोदित।

(आन्द्रा वामसी)

जिलाधिकारी / सी0ई0ओ0,

कसाडा–कुशीनगर।

Scanned by CamScanner